

छह गेंदबाज ही टेस्ट में 500 से ज्यादा विकेट ले पाए

ब्रॉड ने मैच के पांचवें और आखिरी दिन विंडीज की दूसरी पारी में क्रैग ब्रैथवेट (19) को आउट कर टेस्ट क्रिकेट 500 विकेट लेने का मुकाम हासिल किया। ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट अपने नाम किए थे। ब्रॉड से पहले जेम्स एंडरसन ही थे जिन्होंने इंग्लैंड के लिए टेस्ट में 500 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वहीं क्रिकेट के इतिहास में ब्रॉड से पहले सिर्फ छह गेंदबाज ही टेस्ट में 500 से ज्यादा विकेट ले पाए हैं।

## ब्रॉड और एंडरसन का 500वां शिकार बने ब्रैथवेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में जब लोग इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के 500 टेस्ट विकेटों की बात करेंगे तो उनके जेहन में वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट का नाम भी हमेशा याद रहेगा। दोनों तेज गेंदबाजों ने ब्रैथवेट का ही विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे किए हैं।

एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने का कारनामा 2017 में ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में किया था, जबकि ब्रॉड ने यही उपलब्धि मंगलवार को यहां ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर किया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस इन दो दिग्गजों की लंबी उम्र की तारीफ की और कहा कि खेल के लिए उनकी भूख असाधारण है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, स्ट्रॉस ने कहा, 'वे इंग्लैंड के दो सबसे महान खिलाड़ी हैं। मुझे उन दोनों में वास्तव में प्रभावित किया है और उनके अंदर भूख बरकरार है। जो कोई भी इंग्लैंड के लिए लंबे समय तक खेलेंगे, वह जानते होंगे कि यह एक बहुत बड़ा बलिदान है।' 'आप घर से बहुत दूर हैं और निश्चित रूप से एक गेंदबाज के रूप में आपको अधिक शारीरिक काम करना है।

# सेंचुरी को डबल या ट्रिपल में बदलना नहीं जानते थे सचिन

## कपिल देव ने की सचिन तेंडुलकर की खामियों पर बात

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सचिन तेंडुलकर को दुनिया का सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में शामिल किया जाता है। लेकिन कुछ ऐसी चीजें थीं जिन्हें सचिन भी हासिल नहीं कर पाए। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव के मुताबिक सचिन निर्दयी बल्लेबाज नहीं थे। उन्होंने कहा सचिन इतने निष्ठुर नहीं थे कि वह अपने शतक को 200 या 300 में बदल सकें। सचिन तेंडुलकर के नाम मार्वेन अट्टापट्टू, वीरेंदर सहवाग, जावेद मियांदाद, यूनिस खान, और रिकी पॉन्टिंग की तरह की तरह टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक हैं। सर डॉन ब्रैडमैन इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं जिनके नाम 12 दोहरे शतक हैं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज और महिला टीम के मौजूदा कोच डब्ल्यू वी रमन के साथ बातचीत में कपिल ने कहा कि सचिन के पास जितनी प्रतिभा थी उतनी मैंने किसी और में नहीं देखी। वह जानते थे कि शतक कैसे लगाना है लेकिन वह कभी निष्ठुर बल्लेबाज नहीं बने। सचिन के पास क्रिकेट में सब कुछ था। वह शतक बनाना जानते थे लेकिन उस शतक को दोहरे शतक और तिहरे शतक में बदलना उन्हें नहीं आता था।

पूर्व ऑलराउंडर को लगता है कि सचिन तेंडुलकर के नाम कम से कम तीन तिहरे शतक और 10 डबल सेंचुरी होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, सचिन को कम से कम तीन ट्रिपल सेंचुरी और 10 डबल सेंचुरी लगानी चाहिए थी क्योंकि वह फास्ट बोलर और स्पिनर दोनों को हर ओवर में चौका लगा सकते थे।

सचिन ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले और 15921 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 53.78 का था। टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाने वाले सचिन ने अपना पहला दोहरा शतक लगाने में 10 साल का वक्त लिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में 217 रन बनाकर उन्होंने अपनी पहली डबल सेंचुरी लगाई। सचिन के टीम के साथी खिलाड़ी और भारतीय टीम के कोच रहे कपिल देव को लगता है कि बड़ा स्कोर न बड़ा बना पाने की जड़ें सचिन की मुंबई स्कूल ऑफ बैटिंग में हैं। कपिल ने कहा कि सचिन को शतक बनाने के बाद निर्मम रवैया अपनाते हुए गेंदबाजों पर धावा बोल देना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने इसके बिलकुल उलट किया और शतक बनाने के बाद सिंगल लेना शुरू कर देते थे।

मौजूदा दौर की बात करें तो भारतीय कप्तान विराट कोहली के नाम सात दोहरे शतक हैं। वह सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। तिहरे शतक की बात करें तो भारत के सिर्फ दो ही बल्लेबाज ऐसा कर सके हैं। वीरेंदर सहवाग ने दो बार और करुण नायर ने एक बार ऐसा किया है।



# युवराज सिंह की फैंस से अपील ब्रॉड की उपलब्धि की करें तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में मौका नहीं दिया गया था। इसके बाद उन्हें दूसरे टेस्ट में जब शामिल किया गया तो ब्रॉड ने अपने प्रदर्शन से सभी आलोचकों को शांत कर दिया। सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में ब्रॉड ने एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली। वह टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले सातवें और इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए।

इस मौके पर कई खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह भी शामिल थे। युवराज और ब्रॉड का नाम एक साथ जब भी आता है तो वर्ल्ड टी20 में युवराज द्वारा ब्रॉड के एक ओवर में लगाए गए छह छक्के को याद किया जाता है। हालांकि इस मौके पर युवराज ने अपने फैंस से उस बात को भुलाकर ब्रॉड को बधाई देने की अपील की। उन्होंने ट्वीट किया, श्मुझे पता है जब भी मैं कुछ लिखता हूं तो लोग उसे छह छक्कों वाली घटना से जोड़ लेते हैं!

आज मैं अपने सभी फैंस से अपील करूंगा कि जो उन्होंने हासिल किया है उसकी तारीफ करें! 500 टेस्ट विकेट कोई मजाक नहीं है। इसके लिए मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय की जरूरत होती है। ब्रॉडी, तुम महान हो!

**दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए ब्रॉडः** मंगलवार को स्टुअर्ट ब्रॉड ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे किए थे। ब्रॉड ने ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम हैं जिन्होंने 800 का जादुई आंकड़ा छुआ है।



## ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी बिखेर सकता है भारतीय गेंदबाजी आक्रमण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारतीय टीम ने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया था। भारत पहली एशियाई टीम बना था जिसने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की थी। कोहली की कप्तानी में भारत ने 2–1 से सीरीज में जीत दर्ज की थी। इस बार हालांकि भारतीय टीम के लिए चुनौती को जानकार ज्यादा मुश्किल मानते हैं। स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर की टीम में वापसी हो चुकी है। पिछली बार बॉल टैंपरिंग विवाद के बाद ये खिलाड़ी टीम से बाहर थे। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का कहना है कि विराट कोहली इस दौरे के लिए पूरी तरह तैयार हो रहे होंगे।

स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड से बातचीत में गंभीर ने कहा, चाहे यह पहला दौरा हो या फिर दूसरा, इस बार बेशक वॉर्नर और स्मिथ के आने के बाद चुनौती अलग होगी। पूर्व बल्लेबाज ने हालांकि भारतीय गेंदबाजी की भी तारीफ की और कहा कि यह किसी भी बल्लेबाजी आक्रमण के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है।

## न्यूज डायरी



### उमर अकमल पर बैन की सजा तीन साल से घटाकर आधी हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज उमर अकमल पर भ्रष्टाचार के कारण लगा बैन डेढ़ साल कम कर दिया गया है। क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश (सेवानिवृत) फकीर मुहम्मद खोखर ने स्वतंत्र अधिनिर्णायक के तौर पर उमर अकमल की अपील पर सुनवाई की और दोनों पक्षों की बात सुनकर अपना फैसला सुनाया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उमर को मैच फिक्सिंग के प्रस्ताव मिलने की जानकारी बोर्ड को न देने कारण अप्रैल में क्रिकेट संबंधी सभी गतिविधियों से तीन साल के लिए बैन कर दिया था। अब जबकि उनका बैन 18 महीने की ही रह गया तो वह 19 अगस्त, 2021 से दोबारा क्रिकेट खेलने के योग्य हो जाएंगे। उमर ने पाकिस्तान के लिए 16 टेस्ट, 121 वनडे और 84 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें भारत के खिलाफ मैच छोड़ने के प्रस्ताव के अलावा एक मैच में दो गेंदें छोड़ने का भी प्रस्ताव एक सट्टेबाज द्वारा मिला था।

### भारतीय क्रिकेट के अगले महेंद्र सिंह धोनी हैं रोहित शर्माः सुरेश रैना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना का कहना है कि सीमित ओवरों के प्रारूप के उपकप्तान रोहित शर्मा अपनी लीडरशिप क्वॉलिटी और ड्रेसिंग रूम में अपने प्रभाव के चलते अगले महेंद्र सिंह धोनी हो सकते हैं। रोहित ने कप्तानी के रूप में अच्छी कामयाबियां हासिल की हैं। मुंबई इंडियंस ने उनकी अगुआई में चार बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीता है। उनकी टीम इस लीग की सबसे कामयाब टीम है। इसके साथ ही 2018 के एशिया कप में भी वह टीम के कप्तान थे। भारत ने यह टूर्नामेंट जीता था। रैना ने साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर जेपी–ड्यूमिनी के साथ द सुपर ओवर पॉडकास्ट में कहा, श्मैं कहूंगा कि वह भारतीय क्रिकेट के अगले महेंद्र सिंह धोनी हैं। रैना ने कहा, मैंने उन्हें देखा है। वह बहुत शांतचित हैं। वह आपकी बात सुनते हैं। वह खिलाड़ियों को भरोसा देते हैं और सबसे बड़ी बात वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं।

### रजत भाटिया ने क्रिकेट के हर प्रारूप से लिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय घरेलू क्रिकेट का बड़ा नाम रजत भाटिया ने सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का ऐलाना किया है। भाटिया ने करीब 20 साल तक घरेलू क्रिकेट खेला। दिल्ली में जन्में भाटिया ने अपने घरेलू सफर की शुरुआत तमिलनाडु से की। दो सीजन तक वहां खेलने के बाद होम टीम ने उन्हें चुना। साल 2015 तक वह दिल्ली के लिए खेले। इसके बाद राजस्थान और उत्तराखंड का रुख किया। उन्होंने कुल 112 रणजी मुकाबले खेले जिसमें से 81 उन्होंने दिल्ली के लिए ही खेले। अपने रणजी करियर में भाटिया ने 6482 रन बनाए और 137 विकेट लिए। इसमें से दिल्ली के लिए 4666 रन और 96 विकेट शामिल रहे। घरेलू क्रिकेट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। गेंद और बल्ले दोनों से भाटिया ने लगातार अच्छा खेल दिखाया। साल 2007 में जब दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता तो भाटिया की उसमें अहम भूमिका थी।

### एलेक स्टीवर्ट ने, कहा– चुपचाप करते हैं अपना काम क्रिस वोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने भी 5 विकेट लिए, लेकिन इस पूरे मैच के दौरान 10 विकेट लेने वाले स्टुअर्ट ब्रॉड के प्रदर्शन के सामने उनकी ज्यादा चर्चा नहीं हुई। अब इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान एलेक स्टीवर्ट का मानना है कि क्रिस वोक्स इंग्लैंड टीम के गुमनाम नायक हैं जो अपना काम चुपचाप करते हैं और उनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। वहीं जेम्स एंडरसन, जोफ्रा आर्चर व स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे गेंदबाज सुर्खियों में रहते हैं। क्रिस वोक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 129 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम ने टेस्ट सीरीज 2–1 से जीतकर विजडन ट्रॉफी अपने नाम की।